(1)

No.EDN-HE(21)A(4)04/2019-V
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि०प्र०

दिनांक शिमला–1 , 2021

04 DEC 2021

सेवा में

समस्त उप–शिक्षा निदेशक (उच्चतर शिक्षा),
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– **झण्डा दिवस जवानों की पावन स्मृति।**

उपरोक्त विषय पर मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश से प्राप्त अ0 शा0 सं0 एस0 डब्लु0डी0(सी)10–1/2018 दिनांक 28.10.2021**(छायाप्रति संलग्न)** जिसमें सूचित किया गया है कि हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी झण्डा दिवस पहले की तरह पूरे देश में 7 दिसम्बर, 2021 को मनाया जा रहा है। परन्तु हमारे प्रदेश में इसे 1 दिसम्बर, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक मनाया जाएगा। झण्डा दिवस जवानों की पावन स्मृतियों को चिरस्मरणीय एवं अमर बनाता है, जिसके अदभुत शौयों, पराक्रम अमिट त्याग और बलिदान के प्रति हमारा राज्य एवं राष्ट्र कृतज्ञ है।

इस संदर्भ में आपको निर्देश दिए जाते हैं कि आप अपने जिला में अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को इस पुण्य अवसर पर यथासम्भव दान देने के लिए उत्साहित करें तथा एकत्रित धनराशी का बैंक ड्राफ्ट अपने जिला के उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण(झण्डा दिवस निधि) के नाम बनवाकर भेजें।

संलग्नः– यथोपरि।

शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

पृष्ठां.सं. **सम** दिनांक शिमला , 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश के अ0 शा0 सं0 एस0 डब्लु0डी0(सी)10–1/2018 दिनांक 28.10.2021 सादर सूचनार्थ।
2. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार को सादर सूचनार्थ।
3. तकनीकी अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष, निदेशालय (उच्चतर शिक्षा) को विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने हेतु।
4. रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

राम सुभग सिंह
RAM SUBHAG SINGH

हिमाचल प्रदेश सरकार

Gen
08/11/2021

मुख्य सचिव
हिमाचल प्रदेश
CHIEF SECRETARY
HIMACHAL PRADESH

अ0शा0सं0एस0डब्लु0डी0(सी)10–1/2018
दिनांक: शिमला–2 28-10- 2021

इस वर्ष भी झण्डा दिवस पहले की तरह पूरे देश में 7 दिसम्बर, 2021 को मनाया जा रहा है। परन्तु हमारे प्रदेश में इसे 1 दिसम्बर, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक मनाया जायेगा। झण्डा दिवस जवानों की पावन स्मृतियों को चिरस्मरणीय एवं अमर बनाता है, जिनके अदभुत शौर्य, पराक्रम, अमिट त्याग और बलिदान के प्रति हमारा राज्य एवं राष्ट्र कृतज्ञ है।

झण्डा दिवस हमारे प्रदेशवासियों को ऐसा आदर्श वार्षिक अवसर प्रदान करता है, जिस पर वह उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र सेना के प्रति स्नेह दर्शा सकते हैं। झण्डा दिवस निधि का उद्देश्य युद्व विधवाओं, अपंग सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का उत्थान करना है। इस निधि में आपका उदार दान स्वागत योग्य है।

मेरा अनुरोध है कि आप अधीनस्थ समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को इस पुण्य अवसर पर यथासम्भव दान देने के लिए उत्साहित करें। मुझे विश्वास है कि आप प्रदेश के सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण एवं पुर्नवास के लिए सशस्त्र सेना के स्मृति झण्डों की खरीद में आगे आकर भूतपूर्व सैनिकों व सेवारत सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेंगे।

इस हेतु एकत्रित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट सम्बन्धित जिला के उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण (झण्डा दिवस निधि) के नाम बनवा कर भेज दिया जाये।

भवदीय,

(राम सुभग सिंह)

2021148165
08/11/2021
02 NOV 2021
Gen

1. समस्त विभागाध्यक्ष,
   हिमाचल प्रदेश
2. समस्त जिलाधीश,
   हिमाचल प्रदेश।

"Ellerslie", H.P. Secretariat, Shimla-171002 Tele (O) :+91-177-2621022 E-mail:cs-hp@nic.in